वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 283 शनिवार 10 फरवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक

# आमजन और सरकार के बीच सेतु का कार्य करे प्रशासनः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**समस्याओं के समाधान से बनाएं प्रशासन की सकारात्मक छवि। नागौर के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ अहम बैठक**

## कार्यालयों में जनसुनवाई के समय की जानकारी सूचना पट्टिका पर दर्शायी जाए। राजस्व प्रकरणों में जल्द न्याय सुनिश्चित किया जाए। मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग महाविद्यालय का निर्माण शीघ्र पूरा करवाने के दिए निर्देश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर प्रशासन आमजन और सरकार के बीच सेतु का कार्य करे। ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक अपनी समस्या लेकर आने वाले आमजन के प्रति अधिकारियों और कार्मिकों का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ प्रशासन की सकारात्मक छवि लेकर जाएं। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को नागौर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को नियमित जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में जन सुनवाई के निर्धारित समय की जानकारी सूचना पट्टिका पर दर्शाई जाए, ताकि फरियादियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी राजकीय कार्यालयों में कार्मिकों की निर्धारित समय पर उपस्थिति एवं कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने और पीने के पानी आदि की समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों में समय-समय पर औचक निरीक्षण कर आमजन के कार्यों का प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों के सत्यापन के कार्य को बिना किसी विलम्ब के सुगमतापूर्वक पूरा किया जाए। शर्मा ने नागौर जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित सभी अस्पतालों में मरीजों के लिए सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय जांचों की स्थिति आदि की भी समीक्षा करते हुए कहा कि जिला स्तर से अस्पतालों में लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया जाए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग महाविद्यालय के भवन निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करवाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर नल से जल के सपने को साकार करने के लिए जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक और समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी पेयजल आपूर्ति की आपात योजना समय रहते तैयार करने के निर्देश दिए। शर्मा ने प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर (सौभाग्य) योजना में घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी करने के काम में तेजी लाने, जिले में बिजली छीजत कम करने एवं लम्बित कृषि कनेक्शन शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खराब ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य निर्धारित 72 घंटे की समय-सीमा से पहले ही पूरा कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को राजस्व प्रकरणों में जल्द न्याय दिलाना हमारा उद्देश्य है, इसके लिए जिला प्रशासन ग्राम पंचायत स्तर तक मॉनिटरिंग रखते हुए समन्वय बना कर कार्य करें। उन्होंने अवैध खनन की गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए खनिज, पुलिस और वन विभाग को संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह, विधायक लक्ष्मण राम, संभागीय आयुक्त महेशचन्द्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक लता मनोज कुमार, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संत लिखमीदास जी धाम मंदिर में दर्शन किए

**नागौर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को नागौर के अमरपुरा स्थित संत लिखमीदास जी धाम मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि लोक देवता एवं संतजन हमारी संस्कृति एवं संस्कारों की पहचान हैं। उनके द्वारा मानव कल्याण एवं समाज उत्थान के कार्यों को हमेशा याद किया जाता है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने देश की प्रेरणादायी संस्कृति, संस्कारों एवं सकारात्मक विचारों को आने वाली पीढ़ियों में भी पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सी.आर. चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांग महाशिविर में 450 से ज्यादा लाभान्वित हुए

## तीन दिवसीय दिव्यांग शिविर हुआ संपन्न

**लोधा. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं अपना परिवार संस्थान की ओर से न्यू लुक स्कूल लोधा में आयोजित तीन दिवसीय विकलांग शिविर का समापन जिला कलेक्टर डॉ इंद्रजीत यादव ने मुख्य अतिथि के रूप किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकेश मेहता न्यू लुक संस्थान के निदेशक प्रदीप कोठारी बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष गोपाल पंड्या एवं राजेन्द्र कोठारी थे। समापन समारोह में जयपुर से आए हुए जयपुर फुट की विशेषज्ञ मनोज जाट अनुज लोधी मोतीलाल शर्मा हंसराज शर्मा पदम सिंह रावत मोहम्मद खालिद इस्लाम अहमद अशोक जैन गजे सिंह नरेंद्र नायक सुबोध कुमार कुलदीप आदि का विशेष सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया इस अवसर पर न्यू लुक स्कूल लोढ़ा के प्राचार्य सुशील सोमपुर का भी पूरी टीम के साथ सम्मान किया गया। शिविर में दिव्यांग भाइयों को ट्राइ साइकिल व्हीलचेयर




जयपुर फुट खत्री हाथ कान में सुनने की मशीन ब्लाइंड लोगों की छड़ी लोगों को सहारा देने के लिए छड़ी कैलीपर्स समेत अन्य उपकरण प्रदान किए गए इस शिविर में 450 लोग उसे ऊपर दिव्यांगजन लाभान्वित हुए आज शिविर को अतिरिक्त संभागीय देवाराम सैनी ने भी अवलोकन किया शिविर के संयोजक विकेश मेहता ने बतलाया कि दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखे ही बनती थी अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया और आने वाले समय में जयपुर फुट का केंद्र स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्य योजना भी बनाई गई जिला कलेक्टर डा इंद्रजीत यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपना परिवार संस्थान द्वारा जो विगत वर्षों से लगभग 3000 से ऊपर लोगों को लाभान्वित किया गया है यह एक बहुत बड़ा सराहनीय काम है इसके लिए उन्होंने अपना परिवार संयोजक विकेश मेहता को बधाई प्रेषित की इस दिव्यांग शिविर हेतु समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत ने भी दूरभाष पर अपनी बधाई प्रेषित की मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रतलाम विधायक चेतन कश्यप ने भी शिविर के लिए शुभकामना दी एवं शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामना दी दिव्यांग जनों को रोजगार प्रदान करने की उद्देश्य से जयपुर से आई हुई टीम ने उनकी काउंसलिंग भी की वही समाज कल्याण विभाग के कार्मिकों ने भी शिविर में अपना सहयोग किया शिविर में समाज सेवा के रूप में सहयोग करने हेतु ईशान पंड्या हर्ष पंचाल सतीश नगावत पवन मेहता धर्मेश जोशी समेत कई समाजसेवियों का बहुमन किया गया आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समाज सेवा योजना जनप्रतिनिधियों ने शिविर की सराहना करते हुए शिविर का अवलोकन किया वह स्कूली विद्यार्थियों ने जयपुर से बनी हुई लैब का अवलोकन किया एवं पीड़ित मानवता की सेवा से प्रेरणा ली इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल बांसवाड़ा डूंगरपुर जोन की ओर से श्री विकेश मेहता का स्वागत अभिनंदन किया साथ ही उन्हें दुपट्टा उड़ाकर सुरेश चंद्र गांधी महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा , गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोटिया द्वारा पीन लगाकर सम्मान किया एवं अपेक्स से प्राप्त महावीर प्रवाह की गई।







# श्री पार्श्वनाथ महार्चना व विश्वशांति महायज्ञ अनुष्ठान में घट यात्रा निकली




राजेश जैन दद्दू, शाबाश इंडिया

इंदौर परम पूज्य तीर्थ रक्षक शिरोमणि राष्ट संत वात्सल्य मूर्ति आचार्य श्री 108 विहर्ष सागर जी महामुनिराज ससंघ के मंगल सानिध्य में आज सुबह को प्रातः 7 बजे बड़ा गणपति के पास स्थित मोदी जी की नसिया से प्रारंभ घट यात्रा एवं श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान जी की शोभा यात्रा निकलीं मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि जो बड़ा गणपति से महावीर बाग होते हुए दलाल बाग पहुंची और उस घट यात्रा में शामिल स्वर्ण रथ और बैंड बाजे घोड़े और साज सज्जा के साथ समस्त महोत्सव के प्रमुख पात्र एवं समंग्र जैन समाज जन शामिल जिसमें सामाजिक सांसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी,एम के जैन सुशील पांड्या डॉ जैनेन्द्र जैन राकेश विनायका हंसमुख गांधी टीके वेद संदीप पहाड़ियां मनोज काला प्रिसपाल टोंग्या जयदीप जैन सुनील गोधा पारस जैन राजेश गंगवाल एवं सोशल ग्रुप फेडरेशन के सदस्य एवं शहर के समस्त महिला संगठन शामिल हुए। जिसमे पुरुष सफेद वस्त्र में और महिलाएं केसरिया वस्त्र में शामिल होकर बड़ी धूमधाम से निकले । धर्म सभा का संचालन पंडित प्रवर अर्पित वाणी ने किया।

# JIFF 16th में डॉ मालती गुप्ता द्वारा निर्देशित वीडियो पानी और आग पुरस्कृत



**जयपुर।** 16वें जयपुर इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल के Inox GT में आयोजित उदघाटन समारोह के अवसर पर डॉ मालती गुप्ता, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न्स , सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय द्वारा जल जाने पर प्राथमिक उपचार विषय पर निर्मित एवं निर्देशित पानी और आग नामक song video को U Turn Rajasthani Panorama category में Best Song Video पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया । इससे पहले जनवरी 2024 में आयोजित दसवें Rajasthan International Film Festival - RIFF में भी डॉ मालती गुप्ता की इस कृति को Best Hindi Music Video for Social Cause का पुरस्कार दिया गया था ।






## वेद ज्ञान

# ध्यान चेतना मन की एक प्रक्रिया

ध्यान चेतना मन की एक प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपनी चेतना को बाहरी जगत के किसी चयनित किए हुए विषय पर केन्द्रीत करता है। भारतीय दर्शन में ध्यान संसार से मुक्ति की ओर ले जाने वाला एक चिंतन है। ध्यान में व्यक्ति की इंद्रियां उसके मन के साथ, उसका मन उसकी बुद्धि के साथ और उसकी बुद्धि आत्मा में लीन होने लगती है। ध्यान से जीवन में दिव्यता आती है और जब व्यक्ति इस दिव्यता का भी अनुभव कर लेता है तो सारी सृष्टि उसे सुंदर प्रतीत होने लगती है। ध्यान से व्यक्ति जीवन की समस्त बुराइयों से ऊपर उठ जाता है और इस संसार को सुंदर बनाने के कार्य में समर्पित हो जाता है। ध्यान का मानव जीवन में अत्यंत महत्व है। ध्यान व्यक्ति को ऐसे काम की ओर ले जाने से रोकता है, जिससे उसे नीचा देखना पड़े, इसलिए जब भी और जहां भी मौका मिले, मनुष्य को ध्यान जरूर करना चाहिए। महात्मा बुद्ध जानते थे कि मनुष्य का मन सबसे बड़ा धोखा है, इसीलिए उन्होंने अपने प्रवचनों और जीवन के माध्यम से व्यक्ति को प्रत्येक परिस्थिति में मध्यम मार्ग अपनाते हुए जागरूक रहने की शिक्षा दी। शरीर और मन के प्रति सतर्क रहने से ही दुखों से छुटकारा पाया जा सकता है। शांति और निर्वाण का यही एकमात्र मार्ग है। सांसारिक गतिविधियों में शारीरिक रूप से उपस्थित रहते हुए भी व्यक्तिगत भावना का केंद्र यदि असांसारिक होने को प्रेरित करे तो समझ लेना चहिए कि व्यक्ति का जीवन ध्यान पर टिका हुआ है। ध्यान से तात्पर्य धन, पद और प्रसिद्धि आदि आकर्षणों के प्रति स्थिर होना भी नहीं है, बल्कि ध्यान व्यक्ति को जीवनभर अच्छे आचरण करने की ताकत देता है, जिससे विकारों का नाश होता है। ध्यान की गंभीरता व्यक्ति के चारों ओर सकारात्मक परिस्थितियों का निर्माण करती है। इससे व्यक्ति को न केवल क्रोध, काम, लोभ और मोह के बंधनों से मुक्ति मिलती है, बल्कि हम अपने अंदर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार का अनुभव करते हैं। हमारा ध्यान जहां भी होता है, उनसे संबंधित सृजन प्रारंभ हो जाता है। यदि हमारा ध्यान नकारात्मक पहलू पर है, तो हमारे अंदर नकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है। यदि ध्यान सकारात्मक पहलू पर है तो सकारात्मक ऊर्जा का सृजन होता है।

## संपादकीय

# जातीय समीकरण साधने में रहेगा जोर

लोकसभा चुनाव से पहले मप्र की पांच राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है। भाजपा के पाले में चार और कांग्रेस को एक सीट मिलेगी। भाजपा की चार सीटों पर दिल्ली दरबार से प्रत्याशी तय होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार जातीय समीकरणों को साधने के लिए आलाकमान इस बार मप्र के तीन या फिर सभी चार नेताओं को राज्य सभा भेज सकती है। वर्तमान में जयभान सिंह पवैया, सत्यनारायण जटिया, लालसिंह आर्य, अरविंद भदौरिया और रंजना बघेल प्रमुख दावेदार बताए जा रहे हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के समीकरणों को देखते हुए आलाकमान राज्यसभा प्रत्याशियों का नाम तय करेगा। हालांकि सूत्रों का कहना है कि भाजपा आलाकमान मध्य प्रदेश को तीन सीटें दे सकती है। पार्टी एक अन्य सीट पर केंद्र से प्रत्याशी भेज सकती है। फिलहाल मध्य प्रदेश से भेजे गए धर्मेंद्र प्रधान और डा. एल मुरुगन का कार्यकाल दो अप्रैल को समाप्त हो रहा है, इन दोनों ही नेताओं को पार्टी लोकसभा चुनाव लड़वाने की तैयारी में है। बचे दो राज्य सभा सदस्य मध्य प्रदेश से हैं। इनमें अजय प्रताप सिंह और कैलाश सोनी का भी कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। मप्र में क्षत्रिय वर्ग से सांसद रहे नरेंद्र सिंह तोमर और राकेश सिंह दोनों को ही केंद्रीय राजनीति से प्रदेश की सियासत में भेज दिया गया है। अरविंद भदौरिया तथा रामपाल सिंह राजपूत विधानसभा चुनाव हार गए हैं, ऐसे में पार्टी किसी बड़े क्षत्रिय चेहरे पर दांव लगा सकती है या कोई नया क्षत्रिय चेहरा ला सकती है। राज्यसभा चुनाव के लिए 8 फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। 15 फरवरी तक नामांकन स्वीकार किए जाएंगे। नाम 20 फरवरी तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता होने पर मतदान सुबह 9 से चार बजे तक कराया जाएगा। पांच बजे से मतगणना होगी और फिर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। भाजपा लोकसभा चुनाव के समीकरण साधने के लिए जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को साधने के लिए राज्यसभा प्रत्याशियों का नाम तय करेगी। भाजपा नेताओं के अनुसार पार्टी चाहती है कि एक- एक एससी-एसटी और एक सामान्य वर्ग से प्रत्याशी बनाया जाए। चूंकि, नरेंद्र सिंह तोमर और राकेश सिंह दोनों ही केंद्रीय राजनीति से प्रदेश की सियासत में भेज दिए गए हैं और अरविंद भदौरिया विधानसभा चुनाव हार गए हैं, ऐसे में पार्टी किसी बड़े क्षत्रिय चेहरे पर दांव लगा सकती है या कोई नया क्षत्रिय चेहरा ला सकती है। ग्वालियर-चंबल में केवल जयभान सिंह पवैया का ही ऐसा चेहरा है। वहीं, अनुसूचित जाति वर्ग से पार्टी और संघ सत्यनारायण जटिया को एक अवसर देना चाहती है। जटिया भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और इन दिनों संसदीय बोर्ड के सदस्य भी हैं। पहले वे लंबे समय तक उज्जैन से सांसद रहे और अटल सरकार में मंत्री भी रहे। विकल्प के रूप में प्रदेश संगठन ने लालसिंह आर्य का नाम भी रखा है। अनुसूचित जनजाति वर्ग से रंजना बघेल को भी पार्टी ने लोकसभा या राज्यसभा में भेजने का आश्वासन दिया था।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# लिवइन और अधिकार

सहजीवन यानी बिना विवाह के युवा जोड़ों के साथ रहने पर लंबे समय से बहस होती रही है। समाज का एक बड़ा हिस्सा इसे अनुचित मानता है। मगर निजता के संवैधानिक अधिकारों के चलते इस पर कोई कानूनी अंकुश लगाना संभव नहीं है। अब उत्तराखंड सरकार ने सहजीवन को अवैध तो करार नहीं दिया है, पर मर्यादित करने का प्रयास जरूर किया है। समान नागरिक संहिता विधेयक में उसने एक प्रावधान सहजीवन को लेकर भी शामिल किया है। उसके तहत कोई भी प्रेमी युगल अगर सहजीवन में रहता या रहना चाहता है, तो उसे पहले क्षेत्रीय पंजीयक के पास पंजीकरण कराना होगा। अगर उन दोनों में से किसी की उम्र इक्कीस वर्ष से कम है, तो पंजीयक उसके माता-पिता को भी इस संबंध में सूचना देगा। उनकी मंजूरी के बाद ही संबंधित जोड़े के सहजीवन में रहने का पंजीकरण हो सकता है। अगर कोई जोड़ा पंजीकरण नहीं कराता है, तो उसे तीन महीने की कैद या दस हजार रुपए जुर्माने का दंड या दोनों भोगना पड़ सकता है। इसे लेकर विपक्षी दल स्वाभाविक रूप से एतराज जता रहे हैं। वे इस प्रावधान पर कुछ ठहर कर विचार करने की मांग कर रहे हैं। सहजीवन को मर्यादित बनाने के पीछे सरकार की मंशा समझी जा सकती है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में बिना विवाह के साथ रह रहे प्रेमी युगल के बीच अनबन और विच्छेद की अनेक ऐसी अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं, जिनसे निपटना प्रशासन के लिए मुश्किल साबित हुआ। कई लड़कियों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बहुत-सी लड़कियां सहजीवन में रहने के बाद ठगी महसूस करती हैं। ऐसे मामलों में घरेलू हिंसा, संपत्ति का अधिकार, भरण-पोषण के दावे आदि के कानूनी प्रावधान लागू नहीं होते। इसलिए ऐसे अनेक मामलों में अदालत में गुहार लगाने के बाद भी लड़कियों को न्याय नहीं मिल सका है। उत्तराखंड सरकार इन्हीं समस्याओं से पार पाने के इरादे से यह कानून लागू करना चाहती है। सहजीवन संबंधी प्रावधान में स्पष्ट उल्लेख है कि पंजीकरण के बाद साथ रहने वाले प्रेमी युगल के संबंधों को कानूनी रूप से वैध माना जाएगा और महिला को वे सभी अधिकार प्राप्त होंगे, जो विवाह के बाद प्राप्त होते हैं। उनसे पैदा हुए बच्चे को उत्तराधिकार का अधिकार प्राप्त होगा। अगर लड़का किन्हीं स्थितियों में लड़की को छोड़ देता है, तो लड़की उससे भरण-पोषण पाने की हकदार होगी। एक तरह से यह कानून सहजीवन को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है। कई बार कुछ जोड़े तय कर चुके होते हैं कि वे विवाह करेंगे, इसके लिए उनके परिवार वालों की भी मंजूरी होती है, मगर पढ़ाई-लिखाई, रोजगार आदि की विवशताओं के चलते वे विवाह को टाल देते हैं। विवाह से पहले साथ रहने लगते हैं। ऐसे जोड़ों को पंजीकरण से शायद ही कोई दिक्कत हो। मगर जो युवा चोरी-छिपे, बस शारीरिक सुख के लिए साथ रहने लगते हैं, उनमें विवाद की गुंजाइश सदा बनी रहती है। ऐसे ही जोड़ों को मर्यादित करने के लिए ऐसे कानून की जरूरत महसूस की गई होगी। मगर निजता के समर्थक कुछ लोगों को यह कानून नैतिक निगरानी रखने का प्रयास लग सकता है। निजता के अधिकार की रक्षा अवश्य होनी चाहिए, मगर इस अधिकार की आड़ में या इसका बेजा फायदा उठाते हुए अगर कुछ लोग समाज और व्यवस्था के सामने मुश्किलें पैदा करते हों, तो उन्हें अनुशासित करने की जिम्मेदारी से भला कोई राज्य कैसे बच सकता है।

# रंगारंग कार्यक्रमों से खिल उठा विदाई समारोह



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आदर्श नगर स्थित एसवी पब्लिक स्कूल में आज कक्षा 12 वीं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर हुए रंगारंग कार्यक्रमों ने विदाई समारोह को रोचक बना दिया। विद्यालय प्राचार्या विभा सक्सेना ने बताया कि विद्यालयीय शिक्षा को पूरा कर, भविष्य के नए सपनों को आँखों में संजोए कक्षा 12 वीं के छात्र - छात्राएं रंग - बिरंगें परिधान में सजे बड़े ही सुन्दर लग रहे थे। कक्षा 11 वीं के छात्र - छात्राओं में अपने सीनियर्स को विदाई देने का उत्साह देखते ही बनता था । अपने सीनियर्स के विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए हुई सांस्कृतिक संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रोचक प्रस्तुतियां दी और स्कूली दिनों की खट्टी - मीठी यादों पर एक स्किट, मैलोडी एवं टाइटल्स भी दिए गए। इस अवसर पर विद्यालय सचिव डॉ. कमलेश कुमार खिलनानी ने हैडबॉय, हैडगर्ल एवं कांउसिल सदस्यों को बैचेज देकर सम्मानित किया एवं विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने की शपथ दिलाई। विद्यालय परिवार ने छात्र छात्राओं को कठिन परिश्रम को जीवन का मूल मंत्र बनाने की शिक्षा देते हुए आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्राचार्या विभा सक्सेना ने चयनित नई प्रिफक्टोरियल कांउसिल के सदस्यों को अपनी शपथ हमेशा याद रखने तथा विद्यालय का अनुशासन एवं गरिमा बनाए रखने में सहयोग की आशा व्यक्त की।

## शिव सिंह भुरटिया अखिल भारतीय रॉयल क्षत्रिय कल्याणकारी महासभा राजस्थान के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त हुए


**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शिव सिंह भुरटिया अखिल भारतीय रॉयल क्षत्रिय कल्याणकारी महासभा राजस्थान के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त हुए ।इस संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक राजा देवेन्द्र सिंह माल अवध ,राष्ट्रीय महामंत्री कुँवर दुष्यंत सिंह माल , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ठकुरानी भावना कँवर पंवार व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व संस्थापक सदस्य कुंवरानी साहिबा भावना राजे बुन्देला , राष्ट्रीय कार्यकारिणी प्रधान राष्ट्रीय संरक्षक व संस्थापक श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ ,महाराजा गज सिंह जोधपुर, राव राजेन्द्र सिंह शाहपुरा, भगवत सिंह खींची, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमारी सिद्दी कुमारी बीकानेर, कुँवर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ उदयपुर, अंशुमान सिंह भाटी बीकानेर, भँवर जितेंद्र सिंह अलवर, राष्ट्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर , कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, विश्वराज सिंह मेवाड़ , प्रदीपचन्द राणा है और प्रदेश कार्यकारिणी राजस्थान में प्रदेशाध्यक्ष महिला कुंवरानी साहिबा ममता शेखावत जोधपुर , प्रदेश उपाध्यक्ष राव भान सिंह जी रामपुरा , प्रदेश उपाध्यक्ष महिला दमयंती सोलंकी , प्रदेश महामंत्री कुवरानी साहिबा वृंदा कँवर सिसोदिया पाल हवेली जोधपुर , प्रदेश मंत्री अजीत सिंह राठौड़ जयपुर , प्रदेश महिला मंत्री मंजू कँवर भाटी , प्रदेश कोषाध्यक्ष इच्छा कँवर खींची जयपुर , कार्यकारी प्रदेश महामंत्री नवल सिंह जादौन है व 28 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह किया जाएगा ।









# समय प्रबंधन कर सकारात्मक दिमाग के साथ करें पढ़ाई: ऋषि कुमार शर्मा



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। खंड के गाँव तलवाड़ा खुर्द के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों हेतु मोटिवेशन सेमीनार आयोजित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य राहुल कस्वां ने बताया कि सेमीनार में मुख्य वक्ता ब्लॉक एलेनाबाद के खण्ड मौलिक शिक्षा अधिकारी ऋषि कुमार शर्मा और समाजसेवी भीम साँई थे। ऋषि शर्मा ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, परिवार के साथ मेलजोल, टैबलेट और मोबाइल के सदुपयोग एवम्‌सकारात्मक रहकर जीवन जीने के सूत्र बताये। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई और कॅरिअर से संबंधित सवालों का भी जवाब दिया। सरपंच प्रतिनिधि भीमसेन साँई ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए गाँव के बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का अपना संकल्प दोहराया। प्रधानाचार्य राहुल कस्वा ने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर पुनीता रानी, गुरवैल सिंह, कांता मेहता, अमर सिंह, दीपक आदि मौजूद थे।

# अंगदान की समझाई महत्ता




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय के कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में अंगदान कर दूसरों को जीवनदान देने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से "अंगदान जीवनदान महाभियान" के तहत छात्राओं को अंगदान की महत्ता समझाई एवं अंगदान की प्रतिज्ञा दिलवाई गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने बताया कि राजस्थान में जितनी अंगदान की जरूरत है, उतना हो नहीं रहा है। इस मामले में राजस्थान राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेजों में अंग प्रत्यारोपण यूनिट भी स्थापित किये जा रहे है इससे ना सिर्फ प्रत्यारोपण सहज होगा बल्कि प्रदेश की जनता को भी काफी फायदा होगा क्योंकि जिन लोगों को अंगों की आवश्यकता है उन्हें अंग उपलब्ध हो सकेंगें। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने अंगदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अंगदान को भारतीय परंपरा की देन बताते हुए इस संदर्भ में भगवान श्री गणेश जी और हाथी के सिर के प्रत्यारोपण का प्रसंग उद्दत किया। उन्होनें बताया कि ऋषि दधीचि ने दुनिया के कल्याण के लिए खुद अपनी अस्थियां दान कर दी थी।







# केंद्रीय विद्यालय में दादा- दादी व नाना- नानी दिवस का हुआ आयोजन



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद । सेना क्षेत्र स्थित केंद्रीय विद्यालय में प्राथमिक विभाग द्वारा शुक्रवार को दादा-दादी व नाना-नानी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर शिशिर जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य आर सी मीना ने ब्रिगेडियर शिशिर जैन का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। दादा-दादी व नाना-नानी ने म्यूजिकल चेयर का आनंद लिया। प्राचार्य आर सी मीना ने बच्चों को दादा-दादी व नाना-नानी का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यध्यापक अजय कुमार ने बच्चों व शिक्षकों को प्रोत्साहित किया कि इस तरह के कार्यक्रम प्राथमिक विभाग में नियमित होते रहने चाहिए जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा थोरासी पधारे



**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

सीकर। जिले के थोरासी गांव में आज उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा पधारे साथ में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सीकर पवन मोदी, भाजपा नेता दिनेश जोशी, राजेश खाखल व अनेक कार्यकर्ता पधारे और उन्होंने सबसे पहले पीर बाबा के धोक लगाई और जनता की खुशहाली की कामना की फिर वहां पर स्टेडियम का अवलोकन किया गांव वालों से संवाद किया पूर्व सरपंच जेपी भास्कर व पीर बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष सोहनलाल जी के सानिध्य में गांव वालों ने उप मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया जिसमें औरतें ने गीत गाकर उनका स्वागत किया गया ।उप मुख्यमंत्री ने गांव के खिलाड़ियों के साथ संवाद किया तथा उनकी जो भी समस्या है उनका निराकरण करने का वादा किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जो भी योजनाएं हैं उनको गांव गांव व ढाणियों तक जाकर उन तक पहुंचाएंगे ।उनको गांव के पीर बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष सोहनलाल व पूर्व सरपंच जेपी भास्कर ने स्टेडियम व पीरबाबा स्थान का अवलोकन करवाया। कार्यक्रम में खिलाड़ी व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।







# सॉफ्ट स्किल ट्रेनर हुनर से मिलेगी पहचान

**विजय गर्ग**

आप किसी भी क्षेत्र में हों सॉफ्ट स्किल हर कॅरिअर में आगे बढ़ने का एक माध्यम बनती है। आज हर क्षेत्र में निर्धारित कार्य को औरों से अलग कर पाना, अपनी प्रतिभा को प्रभावशाली ढंग से तैयार करना सॉफ्ट स्किल द्वारा ज्यादा अच्छे ढंग से संभव हो पाता है। यही कारण है कि सॉफ्ट स्किल ट्रेनर की मांग हर जगह बढ़ रही है। किसी भी क्षेत्र में कॅरिअर निर्माण के लिए विकास की पहली सीढ़ी बनने में सॉफ्ट स्किल सबसे अनिवार्य विकल्प है। सॉफ्ट स्किल ट्रेनर हर कॅरिअर में प्रोन्नति और बेहतर प्रस्तुतीकरण के लिए मददगार साबित होते हैं।

## क्या है सॉफ्ट स्किल

सॉफ्ट स्किल्स नॉन टेक्निकल स्किल होती जिसका इस्तेमाल आप रोजाना अपने दैनिक जीवन में करते हैं। सॉफ्ट स्किल्स के अंदर लोगों के साथ अच्छे से बातचीत करना, टाइम को सही से मैनेज करना, समस्याओं का समाधान ढूंढना, सही निर्णय लेना, भावनात्मक विचार, मिल-जुलकर टीमवर्क करना आदि आते हैं।

## जानिए सॉफ्ट स्किल ट्रेनर किन-किन क्षेत्रों में मदद करते हैं?

- अच्छी नौकरी पाने में मददगार किसी भी प्रकार की नई चुनौती से निपटने में
- विपरीत परिस्थितियों में श्रेष्ठतम तरीके से उपाय निकालने में सक्षम होना
- समस्याओं को सुलझाने में मदद करना
- पदोन्नति के लिए उच्चतर कौशल हासिल करना

## सॉफ्ट स्किल ट्रेनर आपको निम्नलिखित प्रकार की स्किल्स में निपुण बना सकते हैं...

आज हर संस्थान में आप नए या पुराने सीनियर पद पर हों या फिर जूनियर पद पर अथवा आपकी पहली ही नौकरी क्यों न हो। सॉफ्ट स्किल आपके लिए हर स्तर पर मददगार साबित होती है। अगर आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, तो सॉफ्ट स्किल ट्रेनर आपके परफॉर्मेंस को ज्यादा स्पष्ट और तीव्र बनाने में मदद करता है।

## एक सॉफ्ट स्किल ट्रेनर निम्नलिखित क्षेत्रों में आपकी मदद करता है

- बॉडी लैंग्वेज को अनुरूप बनाने
- आई कॉन्टेक्ट में सुधार करने
- प्रेरक अर्थात मोटिवेटर बनाने में
- कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर बनाने में
- टीमवर्क में काम करने के तौर-तरीके सिखाने में
- रचनात्मक तरीके से चिंतन-मनन करने में
- परिवर्तन को स्वीकार करने की क्षमता का आपमें विकास करने में
- इनोवेटिव बनाने में
- लर्निंग स्किल्स बेहतर करने में
- प्रॉब्लम सॉल्विंग बनाने में आदि।

## क्या परीक्षा में अंक छात्रों की लिखावट से प्रभावित होने चाहिए?

**क्या परीक्षा में अंक देने के लिए लिखावट पर विचार किया जाना चाहिए?**

स्कूलों में छात्रों को हमेशा अपनी लिखावट सुधारने पर काम करने की सलाह दी जाती है। वास्तव में, उन्हें घसीटकर लिखने की किताबें दी जाती हैं, लेखन अभ्यास कराया जाता है और यहां तक कि छुट्टियों के दौरान भी दैनिक आधार पर लिखने का अभ्यास छात्रों के अवकाश गृहकार्य में शामिल किया जाता है। लेकिन, विद्यार्थियों के जीवन में लिखावट को इतना महत्व क्यों दिया जाता है? टकराव तब पैदा होता है जब लोग लिखावट के आधार पर किसी व्यक्ति की तुलना करना या उसकी आलोचना करना शुरू कर देते हैं। इस तुलना और परिणामी आलोचना ने इस बहस को जन्म दिया है कि क्या लिखावट को किसी भी छात्र के अंक तय करने का मानदंड माना जाना चाहिए। आइए एक छात्र के जीवन में लिखावट की भूमिका और परीक्षा में अंक देने के लिए इसके महत्व पर चर्चा करें और समझें - **परीक्षा में छात्रों के अंकों के लिए लिखावट आवश्यक है:** लिखावट एक खूबसूरत कला है. यह केवल अक्षरों को कागज पर उतारने के बारे में नहीं है बल्कि यह यह भी दर्शाता है कि एक व्यक्ति कितना संगठित और व्यवस्थित है। कंप्यूटर टाइपिंग और बातचीत लेखन उपकरणों के इस युग में भी अच्छी लिखावट महत्वपूर्ण है। हमें छोटी उम्र से ही लिखावट पर ध्यान देना शुरू कर देना चाहिए; मान लीजिए 4 या 5 वर्ष (प्रीस्कूल और किंडरगार्टन)। यह युवा हाथों को अपने मोटर कौशल पर नियंत्रण पाने में मदद करेगा और उनकी अनूठी लेखन शैली भी तैयार करेगा जो बड़े होने के साथ विकसित होगी और इस प्रकार उनके व्यक्तित्व में निखार आएगा। जब हम लिखते हैं, तो यह मस्तिष्क और सामग्री के बीच एक अदृश्य लेकिन बहुत मजबूत संबंध बनाता है, जिससे हमें मामले की बेहतर और गहन समझ मिलती है। एक अच्छी लिखावट हमेशा ध्यान और प्रशंसा आकर्षित करती है और अवचेतन रूप से पढ़ाई में भी मदद करती है। कई प्रकार के शोधों से पता चला है कि अच्छी लिखावट और बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के बीच एक रचनात्मक संबंध है। वैज्ञानिकों ने इस घटना को इस तथ्य के लिए जिम्मेदार ठहराया है कि कलम और कागज का उपयोग करके लिखने से याददाश्त बढ़ती है जिससे याददाश्त बढ़ती है जो परीक्षण और परीक्षा के समय महत्वपूर्ण है। -निरंतर



**विजय गर्ग: सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार पंजाब**

# दु:ख का मूल कारण लोभ : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र के शांतिनाथ चैत्यालय में श्री आदिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातः ब्रहम मुहूर्त में श्री आदिनाथ स्तुति एवं श्री जिनसहस्रनाम का मंगल पाठ सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात श्री जी के चरणों में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। आज गुरुमाँ की आहार चर्या कराने का सौभाग्य मालवीय नगर जयपुर की जैन समाज ने प्राप्त किया। प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं को इतना बढ़ा लिया कि वह थोड़े में संतुष्ट ही नहीं होता और अधिक कमाने की चाहत में वह अधर्म के मार्ग को अपनाता है, जिसके माध्यम से वह धनअर्जित कर सके, जबकि इस अर्जित धन की चाह में वह अपने कर्मों का बंधन करता रहता है, जो उसके जीवन में लज्जतार विकारों को पनपाता रहता है और उसी कारण वह शनैः शनैः दु:खों को आमंत्रित करता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम वर्तमान की चकाचौंध से दूर होकर धर्ममार्ग पर चलते हुए अपने जीवन कल्याण की बातों को आत्मसात करें, तभी हम संसार के मायाजाल से मुक्त होकर कार्यकर सकेंगे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत, घटयात्रा, ध्वजारोहण, प्रभु की विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी

**मनोज सोनी. शाबाश इंडिया**

**निंबाहेड़ा।** यहां शनिवार से श्री शांतिनाथ जिनालय के निमित्त होने जा रहे दिगंबर समाज के तत्वावधान में आनंद प्रदायक पंचकल्याणक महोत्सव का आगाज श्री जी की के साथ विशाल मंगल घट शोभा यात्रा के साथ भाव्यती भव्य ध्वजा रोहण कार्यक्रम के साथ होगा। समाज के मीडिया प्रभारी मनोज सोनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी स्थित भगवान श्री शांतिनाथ के नवीन जिनालय की प्राण प्रतिष्ठा के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय पंच



कल्याणक कार्यक्रम का आगाज शनिवार को दिगंबर धर्मावलंबी श्री जी की विशाल घट शोभा यात्रा जुलूस निकाल कर करेंगे नगर के मांगलिक भवन से प्रातः 7 बजे शोभा यात्रा जुलूस निकल कर नगर के मुख्य मार्गो से भ्रमण कर श्री शांति नाथ जिनालय पहुंचेगा जहां आयोजित धर्मसभा में श्रद्धालु परिवार पुण्य अर्जन कर ध्वजा रोहण से धार्मिक कार्यों की शुरूआत करेगा। तत्पश्चात समाज अध्यक्ष सुशील काला की अगुवाई में समस्त समाज जन पंडाल शुद्धि,वेदी शुद्धि मंडप प्रतिष्ठा संस्कार विधि विधान से आदिनाथ मांगलिक भवन मे प.पू. आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य प.पू. मुनिश्री विमलसागर जी महाराज , प.पू. मुनिश्री अनंतसागर जी महाराज , प.पू. मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं प.पू. मुनिश्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में एवं ब्रह्मचारी प्रदीप भैयाजी 'सुयश' अशोक नगर के निर्देशन में आगामी पांच दिनों तक चलने वाले आनंद प्रदायक पंचकल्याणक के तहत प्रथम दिवस शनिवार को गर्भ कल्याणक पूर्वरूप उत्तररूप की क्रियाएं होंगी।

# सड़कों पर यातायात व्यवस्था पर सुझाव



1. जो भी नये रिंग रोड व हाईवे ने बन रहे हैं , इनमें प्लानिंग के तहत पूरी रोड कवर करें , शुरू में बीच का हिस्सा बड़ा रखें और वर्तमान जरूरत के हिसाब से दोनों ओर सड़क की चौड़ाई रखें फिर समय समय पर ट्रेफि क के हिसाब से बीच का डिवाइडर का हिस्सा कम कर दोनों साइड की सड़कों को चौड़ा करें ।सभी पानी, सीवर व लाइट सर्विसेज -सुविधाओं को मार्क कर बीच में डिवाइडर में टियर सिस्टम से उपयोग में ले ।इससे साइड के एनक्रोचमेंट में कंट्रोल होगा व सर्विस लाइनों के रख रखाव में आसानी होगी ।

2. सड़कों के दवाव को देखते हुऐ एलीवेटेड रोड व अंडर पास व मेट्रो के विस्तार की तुरंत आवश्कता है

3. ट्रेफि क का टेक्नोलॉजी के उपयोग व प्लानिंग से कंट्रोल करना बहुत आवश्यक है ।

4.अभी जहां जहां रेपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम हेतु सड़कों का प्रावधान कर रखा है उनको मोडीफाई करनें की आवश्यकता है। उनकी चौड़ाई बढ़ाकर बीच में डिवाइडर बना कर बसों व चौपहिया वाहन को चलाने व दोपहिया वाहनों के लिये अलग लेन बनाने की व्यवस्था हो इससे एक्सीडेंट्स में कमी व साथ में ट्रेफि क व्यवस्था में मददगार होगी।इसी तरह की व्यवस्था सभी मेन तोड़ी सड़कों पर होनी चाहिए ।

5. जहां जहां ट्रेफि क का दवाव ज्यादा हो इन्हें इंगित करके अंडर पास व फ़्लाई ओवर डिजाइन करके लाईट फ्री सिगनल बननें की आवश्यकता है ।

6. पूरे सिस्टम को व्यवस्थित व विश्व स्तर की सोच के साथ बनानें हेतु 20-30 वर्ष की प्लानिंग हो उसके लिए एक स्पेशल आर एवं डी व सुझाव कमेटी बनाई जाये जिसमें इंनीनियरिग कालेजों , टाउन प्लानर, ट्रेफि क व पी डब्ल्यू डी , इंस्टीट्यूटशन आफ इंजीनियर्स व टाउन प्लानिंग इंस्टीट्यूट के सदस्य हो और इसको ईंजीनियरिंग कालेजों को प्रोजेक्ट में सम्मिलित कर सरकार व टेक्नीकल विश्वविद्यालयों की सहायता से समय समय पर हेथाकान आयोजित कर यूथ ब्रेन को इस काम में हिस्सा बनाये । टेक्नॉलजी व यूथ इन्वोलमेंट समय की माँग है अतः इनका उपयोग कर कार्य को विश्व स्तर पर लानें पर ही सुधार संभव हो पायेगा ।


**इंजीनियर पी .सी. संघी**
**पूर्व चेयरमैन**
**दी इंस्टीट्यूटशन आफ इंजीनियर्स (इंडिया),**
**राजस्थान स्टेट सेंटर**






# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...

## रोज रात को सोने से पहले एक ऐसा संकल्प लें... जो आपको सुबह उठने को मजबूर करे..!



ध्यान रखना! गृह प्रवेश का तो मुहूर्त है, परन्तु गृह त्याग करने का मुहूर्त नहीं। जन्म, मृत्यु और वैराग्य का कोई मुहूर्त नहीं होता। जन्म लेने वाला बालक मुहूर्त देखकर नहीं आता और मरने वाला व्यक्ति मुहूर्त देखकर नहीं मरता। एक बहुत बड़े ज्योतिषी ने अयोध्या में घोषणा की - - मैं फलां तारीख को, इतने बजकर, इतने मिनट पर मृत्यु को उपलब्ध हो जाऊँगा। यह घोषणा सुनते ही देश का सारा मीडिया अयोध्या पहुँच गया। वहाँ ज्योतिषी बैठा है। अब मृत्यु का समय 30 मिनट बचा है। 30 मिनट भी पुरे हो गये और अभी तक वह ज्योतिषी दूसरों की कुण्डली देख रहा है। मित्रो! इन तीन पर कभी ज्यादा भरोसा मत करना - मन, स्वांस और पुण्य पर। ये कभी भी धोखा दे सकते हैं। इसलिए कभी भी शुभ कार्य को, पुण्य कर्म को, सत्संगति को, कल पर मत टालना। शुभ कार्य को आज, अभी और इसी वक्त समझदार इन्सान को कर लेना चाहिए। अच्छे विचार मन में कभी कभी तो आते हैं। अगर उन्हें भी पूरा करने में टाल मटोल किया तो वे यूं ही मर जायेंगे। उन शुभ विचारों की तो भ्रूण हत्या ही हो जायेगी। इसलिए शुभ कार्य को आज, अभी कर लेना और पाप कर्म को कल पर टाल देना...।

**नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# अक्षय सेवा संस्थान का नेत्र शिविर संपन्न

**सुशील चौहान. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। लायन्स आई हॉस्पिटल भीलवाड़ा द्वारा जिला अंधता निवारण समिति के तत्वाधान में अक्षय सेवा संस्थान के सहयोग से लायंस आई हॉस्पिटल सुभाष नगर में निःशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न हुआ। हास्पिटल कोऑर्डिनेटर एवं आई बैंक प्रभारी लायन राकेश पगारिया ने बताया कि 364 रोगियों की जांच कर 127 रोगियों को भर्ती कर निःशुल्क आपरेशन लायंस आई हॉस्पिटल में किए गए। अक्षय सेवा संस्थान के संरक्षक चंद्रदेव आर्य व अध्यक्ष पवन नागोरी ने बताया कि शिविर अक्षय सेवा संस्थान के सभी सदस्यों( एमजी हॉस्पिटल नर्सिंग स्टाफ) के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रांत पाल एवं काउंसिल सेक्रेटरी लायन दिलीप तोषनीवाल ने लायंस आई हॉस्पिटल एवं अक्षय सेवा संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। लायंस क्लब इंटरनेशनल से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया ।लायन अब्बास अली बोहरा व लायन एस एल लड्डा ने बताया कि बताया कि सभी रोगियों को भोजन ,चश्मा दवाइयां व लेंस निःशुल्क उपलब्ध कराएं गए। शिविर में लीला सिस्टर सुनील, सत्यनारायण जांगिड़ एवं मेडिकल टीम के सदस्यों ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सक अंकित मोदी,पिंकी सिंधी, नीलोफर मंसूरी, सौरभ शर्मा, कैलाश शर्मा, कृष्णा बारहट और मंजू बाई का विशेष सहयोग रहा।








# एन एस पी एल क्रॉसलैंड कप के पोस्टर का विमोचन







**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेमीसागर प्रीमियर क्रॉसलैंड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 11 फरवरी को किया जावेगा। उक्त टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन आज प्रेमचन्द बैरवा उप मुख्यामंत्री राजस्थान द्वारा किया गया। श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि नेमीसागर कालोनी दिगम्बर जैन समाज के द्वारा क्रिकेट लीग आयोजित की जा रही है, उक्त लीग मैच में छः टीमें गोधा टाइटंस, डी सी रॉयल्स, पाटनी पैंथर्स, जे के किंग्स आदिनाथ वॉरियर्स एवं बिलाला ब्लास्टर्स खेल रही है। सभी खिलाड़ियों का चयन गत ब्रहस्पति वार को ऑक्शन सेरेमनी द्वारा किया गया। उक्त टूर्नामेंट को क्रासलेण्ड् कम्पनी के अनिल जैन धुआं वालो द्वारा प्रायोजित किया गया है। पोस्टर विमोचन के अवसर पर बैरवा ने मेच आयोजको एवं प्रायोजक को अपनी शुभकामनाये दी ।

# जेके फाउण्डेशन के विशाल रक्तदान शिविर, वृद्धजन सम्मान समारोह, निः शुल्क नेत्र जॉच एवं चश्मा वितरण शिविर का उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया पोस्टर विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जेके फाउण्डेशन की ओर से संस्था अध्यक्ष विनोद टाटीवाल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर, वृद्धजन सम्मान समारोह, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, निः शुल्क नेत्र जॉच एवं चश्मा वितरण शिविर का रविवार दिनांक 11 फरवरी 2024 को प्रातः 8 से महात्मा ज्योतिबा फुले सी.सै. स्कूल, रेलवे स्टेशन के सामने, सांगानेर, जयपुर में आयोजित होने वाले शिविर का उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया पोस्टर विमोचन। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष विनोद टाटीवाल, संरक्षक हेमराज टाटीवाल, संरक्षक छोटूराम गुर्जर, उपाध्यक्ष विकास कुमार बैरवा, कृष्ण कुमार भारद्वाज, सुरेन्द्र वर्मा, दिलीप सिह, दीपक शर्मा, धन कुमार जैन, अनिल कुमावत, शुभम सैनी, वासुदेव खण्ड़ेलवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जयजवान कॉलोनी मंदिर का महाकुंभ

# JJCPL क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज

### 11 फरवरी को होगा आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जय जवान क्रिकेट प्रीमियर लीग, पार्श्वनाथ युवा मंडल द्वारा 11 फरवरी को महावीर पब्लिक स्कूल में आयोजित हो रहा है ।इस लीग में 15 साल से लेकर 65 साल तक के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो समाज को एक साथ लाने का कारण बना हुआ है। सभी टीमें पिछले 7-8 दिनों से उत्साह से प्रैक्टिस में लगी हुई हैं और इस आयोजन को रोमांचक और उत्साह भरे ढंग से आयोजित करने का संकल्प लेकर हैं। इस महाकुंभ के दौरान निर्धारित की गई अनेक सारी गतिविधियों के साथ, जनता को एक नया क्रिकेट युग और समुदाय का आत्मविश्वास अनुभव होगा। इसमें हर उम्र के खिलाड़ी अपनी कला को साझा कर रहे हैं और इस इतिहासकारी पल को और भी यादगार बना रहे हैं।




# भक्तामर दीप आराधना एवं निर्वाण लाडू समर्पित कर आदिनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया गया



**रामगंजमंडी**



प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव एक दिवसीय आयोजन के साथ मनाया गया । इस अवसर पर नगर के सभी जिनालयो में मोक्ष कल्याणक बेला पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। वही प्रातः बेला शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर के त्रिमूर्ति जिनालय में 108 रिद्धि मंत्रो के द्वारा 108 कलशों से प्रभु आदिनाथ भगवान का अभिषेक किया गया। इसके उपरांत प्रतिष्ठा के बाद संभवत प्रथम बार प्रभु आदिनाथ स्वामी के ऊपर शांतिधारा की गई। प्रथम अभिषेक एवं शांति धारा का पुण्य लाभ सुरेश कुमार सिद्धार्थ कुमार बाबरिया को प्राप्त हुआ। सभी भक्ति भाव से ओत प्रोत रहे एवम अभिषेक शांतिधारा उपरांत निर्वाणकांड बोलते हुए निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। वही संध्या की बेला में आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की उत्तम स्वास्थ्य की कामना हेतु भक्तामर के 48 रिद्धि मंत्रो की आराधना की गई। जो संगीतमई रही मौजूद सभी भक्त श्रद्धा और उल्लास से भरपूर रहे। 48 सौभाग्यशाली परिवार द्वारा मंडल पर दीप समर्पित किए गए । प्रत्येक पद पर बड़े बाबा का जाप भी किया गया। सभी भक्ति नृत्य करते हुए ओत प्रोत रहे। जब दीपों की ज्योति प्रकाशमान हुई जो एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर रही रही ।इसके उपरांत भक्तामर की आरती की गई। उसके बाद भक्ति से ओत प्रोत होते हुए आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की मंगल आरती की गई। जब यह मंगल आरती हो रही थी हर कोई गुरु चरणों मे भक्ति करते हुए नृत्य कर रहा था। मानो ऐसा लग रहा था कि गुरुवर साक्षात यही हो। समस्त आयोजन का कुशल संचालन प्रशांत जैन आचार्य, आकाश जैन आचार्य द्वारा किया गया।

**अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट**